(56)

अनुस्मारक

पत्रांक-स्था0-2-समयमान वेतनमान-2022-23// 871 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

लखनऊः दिनांक 27 मई, 2022

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी,
प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।

विषय- समयमान वेतनमान/ प्रोन्नत वेतनमान के अन्तर्गत प्रस्ताव उपलब्ध कराने के सम्वंध में।

उपर्युक्त विषयक मुख्यालय के पत्र संख्या 373 दिनांक 28-04-2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपके अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों में से यदि किसी अधिकारी को दिनांक 01-12-2008 से पूर्व समयमान वेतनमान/ प्रोन्नत वेतनमान की व्यवस्था के अन्तर्गत (08 वर्षीय समयमान वेतनमान, असिस्टेन्ट कमिश्नर के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अधिकारियों के मामलों में 08 वर्षीय प्रोन्नत वेतनमान व वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अधिकारियों के मामलों में 14 वर्षीय प्रथम प्रोन्नतमान के सम्बंध में) कोई लाभ दिया जाना अपेक्षित हो, तो उसके सम्बंध में परीक्षण कराते हुए संस्तुति सहित प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी, जो कि अधिकांश जोनो से अद्यतन अप्राप्त है।

तत्क्रम में अवगत कराना है कि बरेली, झाँसी, मुरादाबाद जोनों एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ से जो सूचनाएँ प्राप्त हुई हैं, उनमे से बरेली व झाँसी जोनो की सूचनाएँ ए0सी0पी0 के सम्बंध में प्रेषित की गयी हैं जबकि मुख्यालय के पत्र दिनांक 28-04-2022 द्वारा स्पष्ट रूप से 08/14 वर्षीय समयमान वेतनमान / प्रोन्नत वेतनमान के सम्बंध में सूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी।

अतः मुख्यालय का पत्र दिनांक 28-04-2022 की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि उक्त पत्र में वांछित सूचना प्रत्येक दशा में दिनांक 10-06-2022 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। यदि आपके जोनों से सम्बंधित सूचना शून्य है तो उससे भी अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः- यथोक्त।

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपिः- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।

संलग्नकः- यथोक्त।

26/05/2022

एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Admn 01/06/22

Recd 30-5-22

940

पत्रांक-स्था0-2-समयमान वेतनमान-2022-23// 373 // वाणिज्य कर
कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः दिनांक 28 अप्रैल 2022

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी,
प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।

विषय- समयमान वेतनमान/ प्रोन्नत वेतनमान के अन्तर्गत प्रस्ताव उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

उपर्युक्त विषयक आपके अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों में से यदि किसी अधिकारी को दिनांक 01-12-2008 से पूर्व समयमान वेतनमान/ प्रोन्नत वेतनमान की व्यवस्था के अन्तर्गत (08 वर्षीय समयमान वेतनमान, असिस्टेन्ट कमिश्नर के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अधिकारियों के मामलों में 08 वर्षीय प्रोन्नत वेतनमान व वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अधिकारियों के मामलों में 14 वर्षीय प्रथम प्रोन्नतमान के सम्बंध में) कोई लाभ दिया जाना अपेक्षित हो, तो उसके सम्बंध में परीक्षण कराते हुए तत्काल संस्तुति सहित प्रस्ताव निम्न प्रारूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेः-

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम, पदनाम	सीधी भर्ती के सापेक्ष प्रथम नियुक्ति की तिथि	सीधी भर्ती के पद के सम्बंध में प्राप्त पदोन्नतियों का विवरण	समयमान वेतनमान की व्यवस्था के अन्तर्गत अब तक अनुमन्य लाभ	समयमान वेतनमान की व्यवस्था के अन्तर्गत विचारणीय लाभ (तिथि सहित)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7

27/04/2022
(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।